## सार-समाचार

### रंगीलो रास डांडिया कार्यक्रम पांच को

**बून्दी** (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन बूंदी द्वारा आगामी 5 अक्टूबर को रंगीलो रास डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। युवा अध्यक्ष प्रदीप हरसोरा ने बताया कि रंगीलो रास कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगितायें भी आयोजित की जायेगी, जिसमें बेस्ट ट्रेडिशनल ड्रेस बॉयज एंड गर्ल्स 5 वर्ष तक के बच्चे बेस्ट डांडिया परफॉर्मेंस बॉयज एंड गर्ल्स 6 से 12वर्ष तक के बच्चों के लिए बेस्ट डांडिया परफॉर्मेंस बॉयज एंड गर्ल्स 13 वर्ष से ऊपर के अविवाहित बेस्ट परफॉर्मेंस और ट्रेडिशनल ड्रेस बेस्ट डांडिया एवं ट्रेडिशनल ड्रेस केवल विवाहित कपल के लिए स्पेशल जोड़ी गरबा राउंड बेस्ट डांडिया एवं ट्रेडिशनल ड्रेस 21 वर्ष से 50 वर्ष तक के वयस्क के लिए बेस्ट डांडिया परफॉर्मेंस और ट्रेडिशनल ड्रेस सीनियर सिटीजन के लिए 50 वर्ष से अधिक उम्र के कपल वैश्य समाज के सभी वर्ग के पुरुष महिलाएं बच्चे भाग ले सकते हैं और मां भगवती की उपासना के पर्व के बारे में जानकारी दी। महिला महामंत्री रानू खण्डेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम में वैश्य समाज बन्धुओं के लिए प्रवेश पास द्वारा होगा। इन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभिन्न कमेटियां बनाकर रेणू बाहेती, मेनका जाजू, नेहा मंत्री, नन्दिनी विजय, आशुतोष गुप्ता, बालकिशन जाजू, राजेश बहैडिया, नरोत्तम जैन, आशीष भण्डारी, चेतन गुप्ता, सुरेश जैन इत्यादि को जिम्मेदारियां दी गई है। कार्यक्रम में डांडिया सीजन-4 के पास का विमोचन भी किया गया। इस दौरान महामंत्री नरेश जिंदल, प्रदेश मंत्री लक्ष्मी चंद गुप्ता, युवा महामंत्री राहुल लखोटिया, युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवान बाहेती, उपाध्यक्ष सुमित मंत्री, संगठन मंत्री आदित्य भंडारी, महिला अध्यक्ष निधी गंगवाल, महिला उपाध्यक्ष ख्याति भंडारी, महामंत्री रानू जी खंडेलवाल इत्यादि सदस्यगण उपस्थित रहे।

### सामूहिक श्राद्ध तर्पण किया

**बून्दी** (निसं)। कुटुम्ब प्रबोधन एवं गायत्री शक्तिपीठ बूंदी के संयुक्त तत्वाधान में श्राद्ध पक्ष की सर्व पितृ अमावस्या पर बाणगंगा स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर पर सामूहिक श्राद्ध तर्पण संस्कार लोकेश नारायण शर्मा व पंडित जितेंद्र गौत्तम के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक मन मोहन अजमेरा ने बताया कि पूर्वजों पितरों की आत्मा की शांति के साथ गुमनाम सहित सभी अमर शहीदों, राम जन्म भूमि के लिय शहीद हुए कारसेवकों,देश की सीमाओं की रक्षार्थ शहीद हुए अमर शहीदों की आत्मा शांति के लिए व अपने अपने पितरों पूर्वजों की शांति के लिए सामूहिक तर्पण संस्कार व गायत्री महायज्ञ किया गया। गायत्री परिवार बूंदी के प्रतिनिधि लोकेश नारायण ने बताया की कई परिवार आर्थिक व अन्य समस्याओं के कारण सर्व पितृ तर्पण नहीं करवा पाते हैं उनके सहयोगार्थ यह सामूहिक तर्पण संस्कार व गायत्री महायज्ञ के साथ यह आयोजन किया गया हैं। गायत्री परिवार के प्रतिनिधि लोकेश नारायण शर्मा, रोडू लाल वर्मा के सानिध्य में गायत्री महायज्ञ विधि विधान से संपन्न हुआ। कुटुम्ब प्रबोधन के विभाग संयोजक ब्रह्मदत्त गोत्तम ने कुटुम्ब प्रबोधन के बारे में जानकारी दी और वर्तमान में उसका महत्व बताया। इस दौरान देवी लाल जागिंड, नरेन्द्र गौत्तम, रघुनन्दन टेलर, राम राज अजमेरा, भोजराज मीणा, श्याम राठौर, भंवर लाल अजमेरा, उमेश शर्मा, मनीष सिंह सिसोदिया, कमलेश शर्मा, चेतना अजमेरा, राधा अजमेरा, ममता राठौर, सीता अजमेरा, विनोद नायक, एडवोकेट कौशल किशोर, बाबू लाल, पंकज सोनी, प्रेम चंद, राधेश्यान नमाना, सत्यनारायण, राधेश्याम कुमावत मौजूद रहे।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का समापन



**छबड़ा** (निसं)। पंचायत समिति के सभागार मे स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन हुआ। मुख्य अतिथि प्रधान हरिओम नागर थे। अध्यक्षता विकास अधिकारी अजीत कुमार मीणा ने की। विशिष्ट अतिथि देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड़ एवं जिला परिषद सदस्य फूलसिंह मीणा रहे। स्वच्छता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मी, कार्मिक एवं सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक संयोजक देवकिशन गुर्जर ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां होती हुई, जिसमें श्रमदान, स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध, स्रोत पृथक्करण, मासिक धर्म, अपशिष्ट के बारे में जागरूकता, वृक्षारोपण, विरासती कचरा हटाओ अभियान, मानव श्रृंखला, स्वच्छता दौड आदि का आयोजन हुआ। प्रधान नागर ने कहा कि स्वच्छता ही जीवन का मूल मंत्र है।

### अतिक्रमण हटाने की मांग, ज्ञापन दिया

**नैनवां** (निसं)। श्री देवनारायण गौशाला समिति धानु गांव के सदस्यों व ग्रामीणों ने देवनारायण की बनी पर अतिक्रमण करने के मामले में कार्यवाही करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार व पुलिस उपाधीक्षक को ज्ञापन देकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि गांव के ही कुछ व्यक्तियों ने जबरन ट्रैक्टर के द्वारा देवनारायण की बनी की बेश कीमती सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। साथ ही गौशाला समिति के सदस्यों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए। मारपीट के लिए आमादा हो गए। पूर्व में भी जिला कलेक्टर के आदेश अनुसार राजस्व विभाग ने ग्राम वासियों की मदद से अतिक्रमण हटाया।जिसमें सरकार का एक पैसा भी नहीं लगा संपूर्ण राशि ग्राम वासियों द्वारा वहन की गई। अतिक्रमण मुक्त होने के बाद भी बार-बार गौशाला समिति के सदस्यों पर हमला होना उन्हें डराना धमकाना जारी रहा। प्रशासन को इस बारे में अवगत करवाया गया। एक बार फिर अतिक्रमण होने के बाद प्रशासन को अवगत करवाया जा रहा है। अतः उक्त स्थान से अतिक्रमण को हटवा कर अतिक्रमणकारी लोगों के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही की जावे। इस अवसर पर समिति सदस्य, ग्रामीण मौजूद रहे।

### स्वच्छ भारत दिवस मनाया

**बून्दी** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय बूंदी में बुधवार को गांधी जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप यादव और शिक्षकों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संदीप यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने बिना कोई अस्त्र उठाए अहिंसा के सिद्धांत पर चलकर अंग्रेजों को भारत छोडने पर मजबूर कर दिया था। स्वयंसेविकाओं को टोपी और ग्लव्स के साथ नोटबुक और पैन भी बाँटे गए। छात्राओं को अल्पाहार भी वितरित किया गया। इस दौरान छात्राओं ने धाबाई कुंड की सफाई कर क्लीन भारत ग्रीन भारत के तहत स्वच्छता का संदेश देते हुए गांधी जयंती मनाई। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान गोदिका ने कहा कि स्वच्छता रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। तभी हम स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के सपने को साकार कर पाएंगे। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य मौजूद रहे।

### स्वच्छ भारत दिवस का समापन

**नैनवां** (निसं) नगर पालिका परिसर में भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता की सेवा अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी मोती शंकर नागर ने बताया की स्वच्छ भारत दिवस के समापन समारोह पर सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम बाई गुर्जर उपाध्यक्ष आबिद हुसैन,वार्ड पार्षद दुर्गा लाल सैनी कार्यवाहक सफाई निरीक्षक महावीर सैनी स्वच्छ भारत मिशन के एमआईएस इंजीनियर राहुल जैन कार्यवाहक जमादार इरशाद मोहम्मद घनश्याम जमादार एवं अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### वन्य जीव सप्ताह की शुरुआत

**रामगढ़** (निसं)। विषधारी टाइगर रिजर्व बूंदी के उपवन संरक्षक संजीव शर्मा ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। वन्य जीव सप्ताह की शुरुआत के साथ ही सफारी की शुरुआत भी की गई। एक सप्ताह तक चलने वाले वन्य जीव सप्ताह में आसपास के विद्यालय के बच्चों को जंगल भ्रमण करवाया जाएगा वह आसपास के गांवों को जंगल के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा वन्य जीवों के प्रति जानकारी दी जाएगी।

# महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर विभिन्न कार्यक्रम हुए



कोटा में गांधी जयन्ति पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

**कोटा,** (निसं)। शहर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रामपुरा स्थित गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर वही पर गोष्ठी का आयोजन किया रामधुन गाकर प्रार्थना भी की गयी गोष्ठी के बाद स्टेशन रोड स्थित भीमगंजमण्डी गार्डन में पर पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर भी उनकी मूर्ति पर कांग्रेसजनो ने माल्यार्पण किया। जिसकी अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने की।

इस मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शो को पूरा विश्व मान रहा है। जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में रानपुर गाँव स्थित रानपुर तालाब की पाल पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अन्तर्गत विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं स्टॉफ ने श्रमदान किया एवं तालाब की पाल को स्वच्छ करने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में विवि के चेयरपर्सन आर.डी.मीना ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को महात्मा गाँधी से प्रेरणा लेनी चाहिऐं एवं अपने स्वनिवास व कार्यस्थल से स्वच्छता की शुरूआत करनी चाहिए। ओम कोठारी ग्रुप ऑफ़ एज्युकेशनल इंस्टिट्यूट्स में बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर महाविद्यालय एनएसएस इकाई वह रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम व विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से शांति व स्वच्छता जैसे महात्मा गांधी के आदर्शों का संदेश दिया गया। जवाहरलाल नेहरू टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, कोटा में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। मां भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्वामी विवेकानंद नगर में गांधी जयंती व शास्त्री जयंती उत्सव पूर्वक मनाई।

इसके अंतर्गत अध्यापिकाओं ने 'रघुपति राघव, वैष्णव जनतो' आदि भजनों को गाकर महात्मा गांधी को याद किया। इसी दौरान स्कूल प्रिंसिपल मोनिका मलिक ने सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए मार्गदर्शित किया। साथ ही स्कूल डायरेक्टर उर्वशी विजय ने सभी को गांधी जयंती की हार्दिक बधाई दी।

प्रगति पब्लिक सी.सै स्कूल, पुलिस लाईन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी तथा लाल बहादूर शास्त्री की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रिंसीपल डॉ.सविता चौधरी व उप प्राचार्या मीना शर्मा की उपस्थिति में छोटे बच्चों द्वारा महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण करवाया गया। राजकीय कला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयों के संयुक्त तत्त्वावधान में महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जन्मतिथि के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमदान दिवस का आयोजन किया गया। अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष जैन बज ने बताया कि विद्यालय परिसर में 500 पेड़ लगाने की शुरुआतकी गई।

सभी विद्यार्थियों को मां के नाम एक पेड़ एवं भगवान महावीर के नाम एक पेड़ के तहत जिम्मेदारी दी जा रही है कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में महात्मा गांधी जी की जयन्ती के अवसर पर महात्मा गांधी पीठ द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में महात्मा गांधी उद्यान में पुष्पांजलि, भजनमाला एवं तत्पश्चात् विभागों में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर चंबल गार्डन स्थित गांधी उद्यान में बुधवार प्रातः पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन मुकेश कुमार चौधरी, एडीएम सिटी अनिल सिंघल एवं एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, उप महापौर दक्षिण पवन मीणा, नगर निगम आयुक्त उत्तर अशोक त्यागी, अतिरिक्त आयुक्त जवाहर जैन, उपायुक्त महावीर सिसोदिया एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। विभिन्न संगठनों की ओर से भी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

### कार्यशाला आयोजित

**रामगंजमंडी** (निसं)। शांति पैलेस होटल रामगंजमंडी में राजस्थान अल्प बचत अभिकर्ता संघ के तत्वावधान में जिला इकाई द्वारा अभिकर्ता सम्मेलन व कार्यशाला का आयोजन किया गया। बहुत ही व्यवस्थित व सुंदर स्थान पर स्वादिष्ट सामूहिक भोज व प्रातःकालीन नाश्ता अभिकर्ता बंधुओ ने आत्मीयता एवम् अथाह प्रेम के साथ परोसा जिसके लिए संगठन सभी साथियों को धन्यवाद प्रेषित करता है।भोजन अवकाश से पूर्व अल्प बचत अभिकर्ताओं के समक्ष कार्य स्थल पर आ रही समस्याओं पर स्वस्थ चर्चा की गई तथा अभिकर्ताओं द्वारा संगठन को पूर्ण सहयोग के लिए प्रतिबद्ध बताया।डाक विभाग की तरफ से पीएमजी प्रतिनिधि के रूप में सुनील राठौर एसएसपी ओमप्रकाश मीणा एसपी उपस्थित रहे।

## गांधीजी की प्रतिमा का अनावरण

**बूंदी** (निसं)। शहर के महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालचंद पाड़ा बूंदी में गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी की नवीन प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सतीश जोशी रहे तथा अध्यक्षता अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी युवराज सिंह ने की। गौरतलब हैं कि विगत दिनों में गांधी जी की प्रतिमा के जर्जर होने तथा बदहाली का मामला मीडिया में उठाया गया था, जिसके बाद विद्यालय प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए नवीन मूर्ति को सथापित करवाया। इस मामले को लेकर गांधी जीवन दर्शन समिति द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था, वहीं बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने भी विधायक कोष से महात्मा गांधी की नवीन प्रतिमा की स्थापना के लिए भी सहमति जताई गई थी। कार्यवाहक उप-प्रधानाचार्य अनुपमा तिवारी ने बताया कि पूर्व में स्थापित प्रतिमा के काफी पुरानी तथा जीर्ण-शीर्ण हो जाने के कारण शाला की प्रधानाचार्या अनीता चौहान ने अपनी ओर से नवीन प्रतिमा स्थापित करवाई है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा गांधी जी तथा शास्त्री जी के जीवन पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में उप-प्रधानाचार्य नवनीत जैन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर समस्त शाला परिवार उपस्थित रहा। संचालन रश्मि लखोटिया ने किया।

वही कार्यक्रम में एसडीएमसी सदस्यों को नहीं बुलाने पर एसडीएमसी के सदस्यों ने आपत्ति जताते हुए विद्यालय प्रशासन पर एसडीएमसी सदस्यों से पक्षपात करने व प्रक्रिया पूर्ण नहीं करने का आरोप लगाया है। एसडीएमसी सदस्य रोतित बैरागी तथा हिमालय वर्मा ने बताया कि विद्यालय प्रशासन द्वारा महात्मा गांधी की पुरानी प्रतिमा को हटाकर नई प्रतिमा लगाने की पूरी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई हैं और नहीं एसडीएमसी की बैठक बुलाकर स्वीकृति ली गई। इन्होंने कहा कि जर्जर प्रतिमा के स्थान पर नवीन प्रतिमा लगाया जाना सराहनीय हैं, लेकिन जिस प्रकार आनन फानन में प्रतिमा को बदला गया हैं वह अनुचित हैं।

### देवसेना संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष बने गुर्जर

**छबड़ा** (निसं)। गुर्जर देवसेना के प्रदेश संयोजक नंदलाल कसाना की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर द्वारा छबडा निवासी देवसेना जिलाध्यक्ष डॉ.गिर्राज गुर्जर को गुर्जर समाज देवसेना संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इस पर गुर्जर ने प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संयोजक सहित संपूर्ण प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया है। ज्ञातव्य है कि डॉ.गिर्राज गुर्जर वर्तमान में एक निजी क्लासेज फाउंडर के साथ-साथ आरएसएस के संगठन हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति बारां झालावाड लोकसभा प्रभारी, छबडा विधानसभा प्रभारी एवं देवसेना गुर्जर समाज जिलाध्यक्ष पद पर है। नई जिम्मेदारी मिलने पर गुर्जर ने बताया कि मैं देवसेना संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा प्रदत्त इस अति महत्वपूर्ण पद का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। साथ ही प्रयास करूंगा कि मेरे नेतृत्व में गुर्जर समाज का देवसेना संगठन सेवाभावी कार्यों के साथ-साथ समाज को एक जुटता बनाए रखना, कर्नल किरोडी सिंह बैसला साहब के सामाजिक संदेशों अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, शिक्षित मा और कर्ज मुक्त समाज को सर्व समाज तक पहुंचाना, समाज की कुरीतियों को दूर करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में बालक बालिकाओं की शिक्षा के साथ साथ अति महत्वपूर्ण कार्यो एवं संदेशों को राजस्थान के प्रत्येक जिले, प्रत्येक तहसील के साथ-साथ गांव-गांव, ढाणी ढाणी एवं कोने-कोने तक पहुंचाने में संगठन के साथ भरपूर प्रयास करूंगा।

# जिले के 256 विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जाति के परिवार लाभान्वित




जिले के विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतू जाति के व्यक्तियों को पट्टा प्रदान कर लाभांवित किया।

**बूंदी** (निसं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिए बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से राज्य के विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतू जाति के व्यक्तियों को पट्टा प्रदान कर लाभांवित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्र पिता के सपने को साकार करते हुए सेवा भाव को सर्वोच्च स्थान देते हुए गरीबों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

बूंदी में जिला स्तरीय समारोह शगुन मैरिज गार्डन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर, जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, सीईओ रवि वर्मा, नैनवां प्रधान पदम नागर, हिंडोली प्रधान कृष्णा माहेश्वरी, केशोरायपाटन प्रधान वीरेंद्र सिंह, तालेडा प्रधान राजेश रायपुरिया के विशिष्ट आतिथ्य में 256 विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जाति के व्यक्तियों को पट्टा प्रदान कर लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जागरूक होकर लाभ उठावें। इसके साथ उन्होंने स्वच्छता अभियान में अपना योगदान देने के लिए अपने घर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखने की बात कहीं।

राज्य सरकार गरीबों को आगे लाने का काम कर रही है। सरकार का प्रयास है कि अंतिम बैठा हुआ व्यक्ति भी साधन संपन्न हो तथा देश की मुख्य धारा में सम्मिलित हो। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विमुक्त, घुमंतु, अर्ध घुमंतु , विमुक्त जाति के व्यक्तियों को स्थाई आशियाना देने के लिए बड़ा कदम उठाया है।

**256 लाभान्वित हुए:-** कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 256 विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू जाति के व्यक्तियों को अतिथियों द्वारा मौके पर ही पट्टे देकर लाभान्वित किया गया। पट्टा लेने के बाद लाभार्थियों के चेहरे खिल गए। इनमें हिंडोली पंचायत समिति के 47, बूंदी के 103, तालेडा के 9, नैनवा के 36 तथा केशवरायपाटन के 61 लाभार्थी शामिल है।

**स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य करने वालों का किया सम्मान:-** कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा के तहत 46 उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, संस्था, संगठन, सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता कार्मिकों को जिला प्रशासन की ओर से जिला स्वच्छता अवार्ड 2024 प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

# डॉ. अनुकृति शर्मा ने लाओस में आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में अपने विचार रखे

■ लाओस में डॉ. अनुकृति ने भारत में रूरल टूरिज्म के विषय पर चर्चा की

**कोटा,** (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय में कौशल एवं विकास केंद्र की निदेशक तथा वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.अनुकृति शर्मा ने बुधवार को लाओस में आयोजित हो रही दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में विचार रखे।

लाओस में लाओ नेशनल प्रोडक्टिविटी आर्गेनाइजेशन की ओर से आयोजित यह कॉन्फ्रेंस एशियाई प्रोडक्टिविटी आर्गेनाइजेशन (एपीओ) की ओर से प्रायोजित की गई है। जिसमें डॉ. अनुकृति ने भारत में रूरल टूरिज्म के विषय पर चर्चा की।

कॉन्फ्रेंस में लाओस के मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स के मंत्री एचई मलाइथोंग कोमासिस्ट तथा एशियन प्रोडक्टिविटी ऑर्गेनाइजेशन एपीओ सेक्रेट्रीएट के प्रोग्राम ऑफिसर नोबा मियामा मौजूद रहे। डॉ. अनुकृति शर्मा ने चर्चा करते हुए कहा कि पहाड़, नदियां, झरने, बर्फ और प्राकृतिक सुंदरता से भरे स्थान पर्यटकों को खूब लुभाते हैं।

लेकिन अब लोगों को खेत-खलिहान और बाग-बगीचे वाले ग्रामीण पर्यटन भी भाने लगे हैं। अब भारत में एडवेंचर टूरिज्म, सस्टेनेबल टूरिज्म, ईको टूरिज्म के साथ रूरल टूरिज्म पर भी काम हो रहा है।

ग्रामीण लोगों को जानने, वहां की सभ्यता, जीवन शैली को जानने के लिए लोग अब ग्रामीण इलाकों का भी रुख कर रहे हैं। यही वजह है कि अब भारत में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक हम केवल हेरिटेज पर्यटन की बात करते थे। जिसमें पुराने इतिहास को खंगालते थे, लेकिन अब पर्यटकों की रुचि अन्य क्षेत्रों के प्रति जागने लगी है।

भारत गांवों में बसता है, इसलिए पर्यटक ग्रामीण परिवेश समझना चाहते हैं। गांव देखना चाहते हैं, वहां भोजन का स्वाद चखना चाहते हैं। संस्कृति को समझना चाहते हैं। इस दौरान डॉ. शर्मा ने इंटरनेशनल सर्विस के डायरेक्टर डॉ. केडी भारद्वाज और जनरल सेक्रेटरी डॉ. इंदिरा का आभार प्रकट किया।

कॉन्फ्रेंस में इंडोनेशिया, मलेशिया, मंगोलिया, नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश, कंबोडिया, फिजी, फिलीपींस, चीन, श्रीलंका, थाईलैंड, तुर्की, वियतनाम, घाना, जापान समेत विभिन्न देशों के 123 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## सार-समाचार

### शारदीय नवरात्रा आज से प्रारम्भ

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा तहसील क्षेत्र में गुरूवार को शुभमुहूर्त में घट स्थापना के साथ ही शारदीय नौ दिवसीय नवरात्रा महोत्सव प्रारम्भ होगी। इसी क्रम में अनन्त चतुर्दशी की थमी गरबे की धुम पुनः प्रारम्भ होगी, तथा गुरूवार को नगर सहित ग्रामीण अंचल में रामलीला का मंचन शुरू हो गया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के विभिन्न षक्ति पीठों में मेनाल जोगणिया माता मंदिर, आवरी माता, भंवर माता, झांतला माता, कालका माता, लालबाई-फुलबाई माता मन्दिर, सार्वजनिक मन्दिर स्थित माताजी, फेज-टू स्थित भादवा, संतोशी, एंव नारसिंह माताजी, एनटीसी स्थित षिव मन्दिर, चारभुजा झालरबावडी, चारण बस्ती स्थित नारसिंह माताजी मन्दिर, बाडौलिया स्थित मंदिर, पाडाझर नारसिंह माताजी मन्दिर, पाडाझर षिवजी मंदिर, भैंसरोडगढ स्थित मदार चौक, नारसिंह माताजी मन्दिर, कोटडा हनुमान जी, कोलीपुरा दुर्गा माताजी मन्दिर, ऐकलिंगपुरा निमोदा माताजी, भारी पानी आवासीय कालोनी के गार्डन, आरपीएस पोस्ट ऑफिस के पास एंव नियाज होटल के पीछे के मोहल्ले, विक्रम नगर टाऊनषिप सहित विभिन्न षक्तिपीठों, देवालयों पर आकर्शक विद्युत सज्जा की गई हैं। नवरात्रि महोत्सव के साथ ही नौ दिवसीय गरबा धूम भी प्रारंभ हो गए हैं। नगर में दर्जनों स्थानों पर गरबा धूम चलेगी। इस अवसर पर कई जगहों पर षोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। झांझर डांडिया रास के निए विषाल मंडल लगाया जा रहा हैं, भव्य मंदिर विद्युत व्यवस्था के साथ ही सी.डी. साउन्ड सिस्टम की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के ढ्रोल की भी व्यवस्था की गई है।

### रामलीला का मंचन आज से

**छबड़ा** (निसं)। सोषल मीडिया के युग में भी रामलीला मंचन को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा हैं। एक माह पूर्व से तैयारी में जुटे कलाकारो ने तैयारियों को बुधवार को अंतिम रूप दिया। नवयुवक रामलीला मंडल अध्यक्ष अभिषेक भार्गव के अनुसार गत वर्श की भांति इस वर्ष भी 3 अक्टूबर गुरुवार नवरात्रि प्रारंभ से 12 अक्टूबर दशहरा पर्व तक नदी मोहल्ला में रामलीला आयोजित की जाएगी। गुरूवार को गणेशजी की झांकी के बाद रामलीला प्रारंभ की जाएगी और प्रतिदिन रात्रि नौ बजे झांकी की आरती के साथ रामलीला षुरू होगी। भार्गव ने बताया कि रामलीला मंचन का उद्देश्य आने वाली पीढ्ी जो रंग मंच से दूर हो चुकी है, उनको जोड़ना है। हर दिन कुछ ना कुछ अभिनय से हमको जीवन में उतारने के लिए अच्छे गुण, अच्छी संगत, अच्छी सोच अच्छे विचार आदि सीखने को मिलती है। बच्चों में धर्म, आस्था व विश्वास जागृत होता है।

### 'सांझा बनाओ' प्रतियोगिता आयोजित

**रावतभाटा,** (निसं)। राष्ट्र सेविका समिति रानी पद्मिनी शाखा चंद्रपुरिया में शाखा पर बुधवार को सांझा बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सह नगर कार्यवाहिका कुमोद कंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि शाखा की बहनों द्वारा सांझा बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री कल्लो खान पुत्र श्री छुट्टन निवासी वाके ईदगाह रोड छोटी मस्जिद किशोरपुरा जिला कोटा जिसका क्षेत्रफल 489.375 वर्गफीट है। जो कि उपरोक्त मकान मेरे अभिभाष्य को श्रीमती निलोफर खान, सैययद हीलाल हुसैन एवं सैययद मुबश्शिर हुसैन द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दिनांक 27.07.2018 को प्राप्त हुआ था। मेरे अभिभाष्य उक्त सम्पत्ति पर ऋण प्राप्त कर रहे है। सर्वसाधारण या किसी भी व्यक्ति का ऋणदात्री संस्था को उपरोक्त लिखित सम्पत्ति के मालीकाना हक पर कोई उज्र या आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर-भीतर आपत्ति लिखित में दर्ज करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी व्यक्ति या संस्था की कोई आपत्ति, शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जायेगी।

दिनांक : 30.9.2024

हरीश कुमार शर्मा एडवोकेट
पता-5 एच 5 तलवण्डी कोटा
मो. 9828086608

**न्यायालय सिविल न्यायाधीश महोदय, रामगंजमंडी जिला कोटा**

CS/2024

**सर्वसाधारण को सूचित करने हेतु समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित करवाने हेतु**
**मुश्तकीम बनाम सर्वसाधारण**
**वाद अन्तर्गत धारा 111 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023**

इस न्यायालय में मुश्तकीम पुत्र खलीलुर्रहमान जाति मुसलमान व अन्य निवासीगण खैराबाद द्वारा मुजिबुर्रहमान पुत्र खलीलुर्रहमान जाति मुसलमान निवासी खैराबाद की मृत्यु की घोषणा प्राप्त करने हेतु वाद प्रस्तुत किया गया है इसीलिये सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को मुजिबुर्रहमान पुत्र खलीलुर्रहमान जाति मुसलमान निवासी खैराबाद की मृत्यु की घोषणा के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या ऐतराज हो तो दिनांक 19.10.24 को इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता की ओर से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मृतक मुजिबुर्रहमान की मृत्यु की घोषणा के संबंध में एक तरफा कार्यवाही की मृत्यु की घोषणा प्रदान कर दी जावेगी।

दिनांक-30.9.24

आज्ञा से
सिविल न्यायाधीश
एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट
रामगंजमंडी जिला कोटा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/2347 विज्ञप्ति दिनांकः-12.9.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम दौलतगंज योजना "ज्ञान सरोवर" खसरा नं. 96 में स्थित भूखंड संख्या 60-ए के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्रीमती टीना शर्मा पत्नी श्री अभिषेक द्विवेदी निवासी चूने का चबूतरा बकानी जिला झालावाड़ राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 997 दिनांक 26.02.2013 को श्रीमती मधु चौपडा पत्नी श्री सुधीर चौपडा के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये मुख्तार आम श्री राजेश गोपाल आचार्य द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 16.12.2020 से श्रीमती टीना शर्मा पत्नी श्री अभिषेक द्विवेदी को कर दिया गया है।

अतः श्रीमती टीना शर्मा पत्नी श्री अभिषेक द्विवेदी के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

शिक्षा विभाग

**कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा छबड़ा**

क्रमांकः-सीबीईओ/छबड़ा/प्रशिक्षण/2024-25/ दिनांकः-01.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समग्र शिक्षा अभियान परियोजना अन्तर्गत राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देश अनुसार ब्लॉक छबड़ा में सत्र 2024-25 में विभिन्न गैर आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जाने है इस हेतु इच्छुक रजिस्टर्ड फर्म/भोजनालय/प्रतिष्ठान आदि से मासिक गतिविधि अनुसार अनुबंध हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 09.10.2024 (सोमवार) को दोपहर 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिनांक 09.10.2024 को दोपहर 02.30 बजे तक गठित समिति के समक्ष खोली जावेगी। गतिविधि आधारित निविदा की समस्त शर्ते कार्यालय समय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | नाम गतिविधि | नाम व्यवस्था | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजू-मीना गार्गी मंच के शुगमकर्ता का 02 दिवसीय प्रशिक्षण | बैठक व्यवस्था, बिजली पानी, कूलर, पंखे, चाय, अल्पाहार, भोजन, टेंट कुर्सी जनरेटर आदि। | 76,080 | 5000 | 500 |
| 2 | NES 02 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण स्टार योजना | बैठक व्यवस्था, बिजली पानी, कूलर, पंखे, चाय, अल्पाहार, भोजन, टेंट कुर्सी जनरेटर आदि। | 82,000 | 5000 | 500 |
| 3 | अन्य आगामी सत्रांक तक के प्रशिक्षण | * | * | * | * |

( ओमप्रकाश गालव )
मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा छबड़ा